## खबर संक्षेप

### सुरक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने युवाओं को मौका

**कटनी।** जिले में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (इंडिया) परसवार अनूपपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान, सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सीआईटी पदों पर भर्ती करने के लिए भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती 3 जुलाई तक जनपद पंचायत स्तर पर होगी। जबकि वेतनमान 14 हजार रूपये से लेकर 35 हजार रूपये होगा। यह भर्ती कैंप 30 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद, 2 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ एवं 3 जुलाई को जनपद पंचायत कटनी में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस भर्ती में 10वीं पास या फेल ऐसे युवा जिनकी आयु 19 से 40 वर्ष के बीच है वे सुरक्षा जवान पद के लिए पात्र हैं। इसी प्रकार 12वीं पास युवा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सीआईटी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। जबकि स्नातक युवा जिनकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच है वह युवा सुरक्षा अधिकारी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### करंट से युवक एवं सर्प दंश से महिला की मौत

**कटनी।** अलग अलग कारणों से एक युवक एवं महिला की मौत हो गई। रीठी थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक युवक की जबकि सर्पदंश से महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार झलैया ग्राम टोला में निरपत लोधी पिता पूरन लोधी 22 निवासी टोला गोदाना की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी तरह सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार विद्या कोरी पति नीलेश 36 निवासी बघवार थाना रैपुरा जिला पन्ना को जहरीले सांप ने काट लिया था। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी लेकर पहुंचे, जहां शुक्रवार शाम 7 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मामले को जांच में लिया है।

### सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों पर कार्रवाई



**कटनी।** सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। कोतवाली पुलिस ने गोल बजार रामलीला मैदान के पास दबिश देकर साहिल सोनी निवासी नई बस्ती के पास से 2 नग सट्टा पट्टी जब्त की है। इसी प्रकार गोल बजार में ओमप्रकाश सोनी निवासी नई बस्ती को भी सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। माधवनगर पुलिस ने ग्राम जरवाही में संजीत सोनी को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा है।

## बारिश की बूँदों को सहेजने बनी जल संरचनाएं, तालाब और बावड़ियों को सहेजने और सफाई करने उठे हजारों हाथ

# 14.43 करोड़ से 3978 जल संरचनाओं का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले में बारिश की अमृत बूंदों को सहेजने नवीन जल संरचनाओं के सृजन, जीर्णोद्धार, मरम्म त तथा संचय व संवर्धन की दृष्टि से अमृत सरोवरों, कपिलधारा कूप रिचार्ज पिट, खेत-तालाब आदि संरचनाओ का निर्माण किया गया। साथ ही ग्रामीणों की जनभागीदारी और श्रमदान से जल संरचनाओं की साफ-सफाई के कार्य हेतु उठे हजारों हाथों ने जल की महत्ताल को समझते हुए योगदान दिया।

अभियान के दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा 28 कार्य शालायें आयोजित की गई हैं। जिसमें 720 किसानों को पौधारोपण के लाभों से अवगत कराया गया है।

अभियान के तहत माय भारत पोर्टल पर 2600 के लक्ष्यय के विरूद्ध 3094 वॉलेंटियर का रजिस्ट्रे शन किया गया। जिन्हें लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल स्तर की गुणवत्ता की निगरानी करने और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में इस प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी।

### नगरीय निकायों में कार्य

अभियान के तहत अमृत 2.0 योजनान्तर्गत कटनी नदी पर निर्मित मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रेजुवनेशन का कार्य 1.83 करोड़ रूपये की लागत से कराया जा रहा है। अभियान अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर निगम द्वारा कुल 11 स्थानों पर एवं समाजसेवी संस्थाओ द्वारा भी शहर के अलग-अलग 16 स्थानों पर इस प्रकार कुल 27 निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई।

अभियान अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित नलकूपों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्जपिट निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।अब तक 49 नग नलकूपों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।आगामी समय में कुल 100 नलकूपों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट निर्माण कार्य किया जाना है।

कटनी नगर में संचालित विभिन्न विद्यालयों के टीनएजर्स के समूह ₹विजनर₹ एवं अन्य संस्थाओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से कटनी नदी मसुरहा घाट में नदी एवं घाट सफाई कार्य, कटनी नदी कटायेघाट में से जलकुम्भी हटाने का कार्य, अमीरगंज तालाब, सुरम्य पार्क में नौका विहार हेतु निर्मित झील, सिमरार नदी पर निर्मित बाबा घाट, माई घाट साफ-सफाई की गई जिसमें माई घाट से पूजन सामग्री, पॉलीथिन एवं अन्य प्रकार के कचरे के साथ-साथ नदी में एकत्रित जलकुम्भी हटाने की कार्यवाही की गई।



### कुंओं की कराई गई सफाई

अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सार्वजनिक भरे एवं पटे कुओं की सफाई हेतु योजना तैयार कर कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें से वर्तमान तक 16 कुओं से लगभग 340क्यूगबिक मीटरकचरा, मलबा निकला जा चुका है।वहीं नगर निगम सीमान्तर्गत नदी में मिलने वाले बड़े 56 नालों की सफाई कार्य लगभग 1213क्यूनबिक मीटरकचराएवं मलबा निकला जा चुका है।

### 661 योजनाओं की जियोटैगिंग

नलजल योजना अंतर्गत जिले में कुल 661 योजनाओं के स्त्रोतों की जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। चिह्नित तालाब एवं नदी नालों के अंदर अथवा उसके नजदीक में स्थित पेयजल स्त्रोंतों के पुर्नभरण हेतु रिचार्ज साफ्ट संरचना निर्माण विभाग द्वारा सहायक यंत्रियों के माध्यम से विकासखण्ड बहोरीबंद 29, विजयराघवागढ 34,बडवारा 11, ढीमरखेडा 11, कटनी 12 इस प्रकार कुल 97 तालाब एवं नदी नालों को रिर्चाज साफ्ट के निर्माण चिह्नित किया गया है।

नलजल योजनाओं के अंतर्गत 208 पाईप लाइन लीकेज व 223 टपकते नल सुधार कर पानी के अपव्यय के समस्याओं का निराकरण किया गया।वहीं कुल 249 नल बदले गए एवं प्रचार प्रसार हेतु 43 गतिविधियां आयोजित की गई।

जल संसाधन विभाग अंतर्गत निर्मित जलाशयों की नहरों एवं अन्य स्थलों का साफ-सफाई एलबीसी एवं आरबीसी में घास,झाडी, पेड-पौधों की सफाई का कार्य किया गया है।सकरवारा जलाशय, दतला जलाशय,अमाडी जलाशय, हिनौती जलाशयों की साफ-सफाई करायी गई है। सलैया, हिनौती, सिलपुरी एवं छपरी जलाशय के सिपेज को रोकने आवश्यक हार्टिंग, पिचिंग एवं बोल्डर टो का कार्य किया गया।

### स्थल चयन के लिए सिपरी साफ्टवेयर से ली गई मदद

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 14 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से 3 हजार 978 जल संरचनाओं के निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए हैं। अभियान के तहत मनरेगा योजनान्तर्गत 4 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से 2हजार 49 खेत तालाब स्वीकृत किये गये हैं। इसी प्रकार कपिलधारा कूप रिचार्ज पिट के 1 हजार 856 कार्य स्वीकृत हुये हैं। जिसकी लागत 47 लाख 66 हजार रूपये है। वहीं 4 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से जिले में 18 अमृत सरोवर का निर्माण भी किया जा रहा है। अधिकांश कार्य पूर्णता की ओर है। इन जल संरचनाओं के निर्माण हेतु स्थ्ल चयन में जिले के इतिहास में पहली बार वैज्ञानिक पद्धति सिपरी साफ्टवेयर की मदद से ली गई है। जिससे बेहतर स्थसल चयन हो और अधिक मात्रा में जल संरक्षित हो सके। अभियान के तहत राजस्व विभाग के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित 115 अमृत सरोवर तालाबों का राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया है।

## ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

# पुलिस की 16 टीमों ने 39 ठिकानों में दी दबिश, 1.25 लाख की शराब की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब के अवैध कारोबार को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने ऑपरेशन शिकंजा चलाया है। ऑपरेशन शिकंजा के तहत दूसरी बड़ी कार्यवाही को विगत रात्रि कटनी पुलिस के द्वारा अंजाम दिया गया।

विगत रात्रि एसपी एवं एडिशनल एसपी श्री डेहरिया की मॉनिटरिंग में आठ थाना प्रभारियों के नेतृत्व में 16 टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 39 अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी और भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्त में लिया।



पुलिस के मुताबिक ऑपरेशन शिकंजा 2.0 के तहत रेड कार्यवाही करते हुए कुल 197.82 लीटर देशी अवैध शराब जब्त की गई। इस दौरान 12.24 लीटर विदेशी अवैध शराब भी जब्त की गई। साथ ही 13 लीटर हाथ भट्टी की अवैध शराब जब्त की गई। कुल 39 अवैध पैकारियो से 249.38 लीटर अवैध शराब कीमती 1 लाख 25 हजार 910 रुपये की जब्ती की गई। अवैध कारोबार में लिप्त 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 26.32 लीटर अवैध शराब बनाने की सामाग्री लाहन वगैरहा भी जब्त किया गया।

### यहां की गई कार्रवाई

28 जून को जिले के शहरी थानों एवं ग्रामीण थानों सहित संपूर्ण जिले में अभियान चलाया गया है। करवाई करते हुए थाना कोतवाली के 9 स्थानो ,माधव नगर में 4 स्थानो, थाना एनकेजे में 4 स्थानो, थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र में 2 स्थानो, थाना उमरियापा अंतर्गत 4 स्थानो, थाना ढीमरखेडा में 4 स्थानो पर, थाना वि.गढ में 4 स्थानो पर, थाना बरही में 1 जगह पर, थाना रीठी में 2 जगह पर, थाना बाकल क्षेत्रांतर्गत 3 अवैध शराब विक्रय की पैकारियो पर दबिश दी गई। पकड़े गए आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बातचीत में कहा कि कटनी पुलिस का यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने नागरिको से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या स्थानीय प्रशासन को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस-प्रशासन सभी नागरिकों से आग्रह करता है कि वे अवैध शराब के सेवन एवं व्यापार से दूर रहें और इस अभियान को सफल बनाने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

## मुरूम के अवैध परिवहन पर विरोध, पहुंचे अधिकारी



मुरूम के अवैध परिवहन को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। मामला एनकेजे थाना क्षेत्र के पड़रिया ग्राम पंचायत का है। सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुरूम ले जा रहे वाहनों को रोका। सरपंच ने बताया कि यह परिवहन ग्राम पंचायत की इजाजत के बिना किया जा रहा है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। खनिज विभाग के अधिकारी ने मौकास्थल की जांच की। अधिकारी पवन कुशवाहा की जांच में पता चला कि रेलवे लाइन निर्माण के लिए शासकीय भूमि पर मुरूम डंप की गई है। यह भूमि रेलवे की नहीं है। इस मामले में खनिज विभाग ने रिकॉन और एलएनटी कंपनियों को नोटिस जारी किया है। एएसपी संतोष डेहरिया ने बताया कि पुलिसकर्मी के परिजनों को रेलवे काम के लिए मुरूम सप्लाई का काम मिला है। खनिज विभाग मामले की जांच कर रहा है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर आरक्षक ने जिले का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस विभाग के आरक्षक ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 3 स्वर्ण पदक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। 24वीं पूर्वी जोन अन्तर जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के पुलिस लाईन जबलपुर में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 इकाईयां के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। 86 किलो ग्राम वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में अभय यादव कटनी प्रथम, स्थान प्राप्त किया। पुलिस लाईन जबलपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में देश भर के पुलिसकर्मी जुटे हैं। सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारी ने शानदार प्रदर्शन किया। कटनी पुलिस की पुरुष कर्मियों ने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किया जो इस आयोजन में सबसे अधिक है।



जानकारी के अनुसार 24वीं पूर्वी जोन अन्तर जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 प्रतियोगिता में अलग-अलग इवेंट खेले गए जिसमें पुलिस वेट लिफ्टिंग राज्यों के पुलिस बलों के बीच खेली गईं जिसमें वेटलिफ्टिंग, और पावरलिफ्टिंग जैसे खेल शामिल हैं। कटनी में पदस्थ आरक्षक अभय यादव ने प्रतियोगिता मे कुश्ती, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग में 3 स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले की पुलिस का नाम रोशन किया हैं। अभय की इस उपलब्धि पर जिला पुलिस प्रशासन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाइयां प्रेषित की है।

# आतंक का पर्याय बने करण बिहारी पर एनएसए की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में आतंक का पर्याय बन चुके आदतन अपराधी करण सिंह बिहारी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्यवाही की गई है। माधव नगर पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया है।

करण सिंह बिहारी एक आदतन अपराधी है, जो क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न अपराधों



हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध वसूली, के कुल 11 मामले दर्ज हैं और वह क्षेत्र में अपराध का एक प्रमुख स्त्रोत बना हुआ था।

एसपी के निर्देशन में और संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने करण सिंह बिहारी के खिलाफ NSA के तहत कार्यवाही की है, जिससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और आम जनता में सुरक्षा की भावना प्रबल होगी।

कटनी पुलिस ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी के पास किसी भी अपराधी के बारे में जानकारी है, तो वह पुलिस के साथ साझा कर सकता है। आपकी जानकारी अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कटनी पुलिस का अपराधियों के खिलाफ प्रहार जारी रहेगा।

पुलिस के द्वारा कुख्यात बदमाश करण बिहारी के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही किए जाने के कारण माधव नगर के व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता एवं अपराधियों के खिलाफ उठाए गए कदम की सराहना करते हुए पुलिस कप्तान सहित माधवनगर थाना प्रभारी और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी है।

## जगन्नाथ चौक से घंटाघर के बीच जलभराव की समस्या का किया निरीक्षण

# खाली प्लाटों में गंदगी देख महापौर ने कहा जुर्माना की करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा काल के दौरान जगन्नाथ चौक से घंटाघर के मध्य जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शनिवार को जालपा वार्ड एवं महात्मा गांधी वार्ड से होकर आदर्श कॉलोनी धर्मलोक हॉस्पिटल के बाजू से निकलने वाले राष्ट्रीय स्कूल के नाले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मार्ग में जलभराव की प्रतिवर्ष उत्पन्न होने वाली समस्या के निराकरण हेतु आदर्श कॉलोनी धर्मलोक हास्पिटल के बाजू तक मिलने वाले इस संपूर्ण नाले के अतिक्रमण हटाकर तल्ली से सफाई कराने के निर्देश प्रभारी आयुक्त शैलेश गुप्ता को दिए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा विजय रोलिंग शटर के समक्ष नाले से होने वाली जल निकासी की



व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की जानकारी दी गई। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए डॉ अशोक चौदहा ज के मकान के बाजू स्थित नाले की पुनः सफाई कराने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक को दिए।

### जल निकासी का जायजा

नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा हेतु घंटाघर मार्ग में जलभराव की समस्या के निराकरण को प्राथमिकता में रखते हुए महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जालपा वार्ड एवं महात्मा गांधी वार्ड से गुजरने वाले इस नाले का अधिकारियों एवं क्षेत्रीय पार्षदों के साथ विभिन्न तीन स्थानों में पैदल पहुंचकर जायजा लिया गया। जालपा वार्ड स्थित गजानन मार्केटिंग के सामने नाले के निरीक्षण के दौरान गांधी के नाले से पानी के बैक फ्लो होने की जानकारी स्थानीय पार्षद द्वारा दिए जाने पर गांधी गंज के नाले का भी निरीक्षण कर बैक फ्लो की समस्या दूर करने तथा राष्ट्रीय स्कूल से धर्म लोक हॉस्पिटल तक नाले के समस्त अवरोधों को तीन दिवस में दूर करते हुए पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

### नोटिस की कार्यवाही

निरीक्षण के दौरान जालपा वार्ड स्थित प्रवीण जैन गली के नागरिकों द्वारा योगेश जैन के खाली प्लाट पर गंदगी व्याप्त होने से क्षेत्रीय नागरिकों को बदबू एवं अन्य बीमारियों की संभावना होने की जानकारी दिए जाने पर उपयुक्त श्री शैलेश गुप्ता द्वारा प्लाट मालिक पर नियमों एवं प्रावधानों के तहत नोटिस तथा जुर्माना की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए।हेमू कालाणी वार्ड के निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण उपनगरीय क्षेत्र स्थित हेमू कालाणी वार्ड में सुगम पानी की निकासी हेतु माधव नगर उप कार्यालय के पास 1.19 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण कर क्षेत्रीय नागरिकों एवं व्यवसायियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश उपयंत्री एवं ठेकेदार को दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, पार्षद सचिन बहरे सहित सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन अश्वनी पाण्डेय, मोना करेरा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# बाइक सवार युवक के साथ लूट के मामले में पुलिस ने एक बदमाश को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लूट के मामले में बरही पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 जून को विवेक सोनी निवासी करौदी कला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शाम करीब 8 बजे वह अपनी दुकान बन्द करके मोटर साईकिल से अपने गांव करौदी कला जा रहा था। बरही खितौली रोड़ पर रेल्वे पुलिया के पास करीब 8.30 बजे रात फोन आने पर मोटर साईकिल रोक कर फोन से बात करने लगा। तभी 4 अज्ञात लोग आये जो अपने मुहं पर मास्क लगाये थे। उन्होंने मोटर साईकिल रोक कर मुझे पकड़ कर रेल्वे लाईन के किनारे ले गये व मारपीट करते हुए मेरे गर्दन पर चाकू लगाकर मेरी जेब से मोबाईल एवं गले में पहनी चाँदी की चेन, स्मार्ट घड़ी एवं जेब मे रखा नगदी 200 रू लूट लिया। फिर मेरे मोबाईल नम्बर से पैसा आनलाईन



एक बार 200 रू एवं दूसरी बार 20,000 रू. किसी नम्बर पर डरा धमका कर जान से मारने की धमकी देते हुये पैसा ट्रान्सफर करा लिया।

शिकायत पर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग 3 टीम गठित की गई। जिनके द्वारा संदेही की तलाश में अलग-अलग स्थानों में दबिश दी गई। रविवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की मामले का आरोपी उमरिया में पारधी डेरो में देखा गया है। उक्त सूचना पर घेरा बंदी कर आरोपी गोली उर्फ गोलू बहेलिया पिता स्वर्गीय केसरी बहेलिया 34 साल निवासी मानिकपुर चौकी बिलासपुर थाना कोतवाली जिला उमरिया को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने लड़के दतैया उर्फ सुखवासी बहेलिया एवं पड़ोसी डोंगैया बहेलिया पिता हमिकल उर्फ गोपाल बहेलिया निवासी मानिकपुर व रिश्तेदार पंजाब सिंह उर्फ आयुष उर्फ जर्दा पिता करदा सिंह पारदी निवासी सुगवा के साथ लूट करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी खितोली उप निरी. किशोर द्विवेदी, उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह, आरक्षक आशीष पटेल, प्रधान आरक्षक अजय, अवधेश प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव एवं साइबर सेल से प्रधान आर. प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, आर. अजय शंकर साकेत की मुख्य भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक संघ ई-अटेंडेंस के विरोध में किया प्रदर्शन

**कटनी।** प्रदेश में ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षकों द्वारा किये गये धरना -प्रदर्शनों में कटनी विकासखंड के शिक्षकों ने भी पुरानी कचहरी के समक्ष जमकर प्रदर्शनऔर नरेबाजी किये। राज्य शासन द्वारा एक जुलाई से शालाओं में शिक्षकों की ऑन लाइन उपस्थिति के आदेश को सिर्फ शिक्षकों के लिये लागू करने से शिक्षक संवर्ग विरोध कर रहा है। इस व्यवस्था को सभी विभाग के कर्मचारियों के लिये भी अनिवार्य किये जाने का शासन पर दबाब बनाने हेतु ही कटनी ब्लॉक के शिक्षकों ने सड़क पर उतर कर शासन की पक्षपात पूर्ण नीति का खुलकर विरोध किये। शिक्षकों का आरोप है कि शिक्षा विभाग में चालू की जा रही ई-अटेंडेंस शिक्षकों का अपमान है, अतः यदि इसे तत्काल वापिस नहीं लिया जाता या सभी विभाग में एकरूपता से एक साथ लागू नहीं किया तो इसे लेकर उनका आंदोलन आने वाले समय में और तीव्र होगा.जिसकी संपूर्ण जबाबदारी अपने जिद पर अड़ी मध्यप्रदेश शासन की मानी जाएगी।

### उमरियापान थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**उमरियापान।** मुस्लिम त्यौहार मुहर्रम को लेकर उमरियापान थाना परिसर में शनिवार शाम को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के माहौल में मनाएं। क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और अप्रिय घटना की जानकारी पुलिस को तत्काल दें। बैठक में राजेश ब्यौहार, जयप्रकाश चौरसिया, चंद्रकांत चौरसिया,अंकित झारिया, तांतू चौरसिया,अरविंद ब्यौहार,मोहम्मद अय्यूब, शेख मुस्ताक, बसरूलहक मंसूरी,सलीम शाह, शान मोहम्मद, सलमान, शेख ताहिर, शेख कासिम, शेख फरीद, इम्मामुद्दीन ,मुवीन मोहम्मद,आबिद शाह, आनम, फिरोज,शेख अरमान समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**ढीमरखेड़ा।** लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को ढीमरखेड़ा पुलिस ने सतना जिले से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मो. शाहिद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार वांरटीयो की गिरफ़्तारी हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा के नेतृत्व मे लंबे समय से 1 फरार स्थाई वांरटी एवं 1 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है न्यायालय जेएमएफसी ढीमाखेड़ा के न्यायालय से स्थाई वारंट मोहम्मद सब्बीर एवं गिरफ्तारी वारंट जितेंद्र डुमार का तामिली हेतु प्राप्त हुआ था। गत दिवस टीम गठित कर 1 स्थाई वारंटी- मोहम्मद सब्बीर को सतना जिले से एवं गिरफतार वारंटी जितेंद्र उर्फ जीतू डूमर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है,जहाँ से दोनों वारंटीयो को जेल भेज दिया गया। कार्यवाही में निरीक्षक मो. शाहिद,सउनि जयचंद उईके ,प्र. आर. अतुल शर्मा, आर. देवेंद्र, आर पंकज सिंह,आर. डुमनदास की भूमिका रही।

### इलाज के लिए 75 हजार रुपये की स्वीकृति

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 3 गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए 75 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डीय की अनुशंसा पर ग्राम बन्डु निवासी सीता दुबेपति कुंजीलाल दुबे की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 35 हजार रुपये की राशि एवं ग्राम बचैया निवासी उपेन्द्र कुमार सिंह की बीमारी के उपचार हेतु 20 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम सिमरा नं. 1 निवासी श्यामा बाई भूमिया की बीमारी के उपचार हेतु 20 हजार रूपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है।

### बादलों की चल रही लुकाछिपी, खेती किसानी का कार्य भी नहीं पकड़ पा रहा गति

# जिले में सक्रिय नहीं हो रहा मानसून, झमाझम बारिश का इंतजार, गर्मी एवं मच्छरों का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में इस बार मानसून ठीक से सक्रिय नहीं हो रहा है। एक दो दिनों के अंतराल में बारिश तो होती है लेकिन कम समय और झड़ी नहीं लगने से न तो उमस से राहत मिल रही है और न ही खेतों में मतौनी और रोपाई के लिए लायक पानी उपलब्ध हो पा रहा है। पूर्व में हुई बारिश से खेतों में जुताई का कार्य तो चल रहा है और कहीं हो गया लेकिन बुवाई और धान की रोपाई के लिए किसान अब जोरदार बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

रूक रूक कर रिमझिम बारिश तो हो रही है लेकिन बारिश इतनी तेज नहीं रही कि राहत मिल सके। उमस भरी गर्मी से भी राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों के चेहरों में बारिश से अभी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अच्छी बारिश न होने के कारण किसान बोवनी का कार्य नहीं कर पा रहे। आसमान में बादलों ने अपना डेरा जमाया हुआ है। बादल और हल्की बारिश से कुछ देर के लिए मौसम खुशनुमा बन गया। इसके बाद बारिश बंद हो गई। इस तरह खंड वर्षा से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विशेषज्ञों द्वारा बारिश होने की बात कही गई है। खासकर वनांचलों से सटे इलाकों में अच्छी बारिश हो सकती है। पिछले साल भी जिले में औसत वर्षा से आधी ही हुई थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश से ही नाले नालियों का पानी सड़क पर आ गया। पानी की निकासी के इंतजाम न होने से सड़कों में पानी व कीचड़ की स्थिति बन गई। वार्डों की निचली बस्तियों में बारिश से मार्ग कीचड़ से सन गई जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। जिन वार्डो में सड़कों का निर्माण नहीं हो पाया वहां की हालत सबसे ज्यादा खराब दिखी। मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गए। राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग हादसे का भी शिकार होते होते बचे।

#### अच्छी बारिश से मिलेगी राहत

खेतों में बुवाई रोपाई के लिए किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि आषाढ़ माह का दूसरा पखवाड़ा भी धीरे धीरे समापन की ओर है। समय पर बारिश नहीं हुई तो बुवाई का कार्य पिछड़ सकता है। बारिश से अभी खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाया। मानसून को लेकर जो इंतजार किसानों को था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ। इस वर्ष जिले में मानसून ने समय पर दस्तक तो दी थी लेकिन जैसी उम्मीद की जा रही थी अभी वैसी बारिश का इंतजार है।

बारिश के दिनों मे संक्रमण तेजी से फैलने लगता है। झमाझम हो रही बारिश से नालियों की गंदगी बहकर गली मोहल्लों तक पहुंच रही है। इतना ही जमा कचरों में पानी पड़ने पर सड़न की बदबू से लोगों का बुरा हाल है। बारिश के मौसम में मच्छरों की पैदावार भी बढ़ जाती है। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। चिकित्सकों ने भी ऐसे समय में लोगों को विशेष सावधानी रखने की हिदायत दे रहे हैं। ताकि इससे बचा जा सके। लापरवाही बीमारियां बढ़ा सकती हैं।

ग्रामीण हो या शहर बिजली व्यवस्था बदतर हो चली है कि जरा सी बारिश और हवा चलने पर फाल्ट आ जाते है। फाल्ट सुधार कार्य में कई घंटे का समय लग जाता है। उमस भरी गर्मी में लोगों को बुरा हाल रहा। बिजली व्यवस्था और विभागीय अधिकारियों को लोग कोसते नजर आये।

## जिले में 10 लाख 98 हजार से अधिक नागरिकों की हुई समग्र ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 10 लाख 98 हजार 774 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 68 फीसदी है।

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 84 हजार 202 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 45 हजार 508 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

जनपद पंचायत कटनी में अब तक 1 लाख 33 हजार 11, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 65 हजार 408 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि नगर परिषद विजयराघवगढ़ मे 7 हजार 557 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 11 हजार 801 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 56 हजार 472, नगर परिषद बरही में 12 हजार 59 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 70 हजार 514 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है। जबकि नगर परिषद कैमोर ने 12 हजार 242 नागरिकों की समग्र को आधार से जोड़ने का कार्य किया है।

नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। यह प्रक्रिया समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

### वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम 1 जुलाई को

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वनमंडल कटनी के अंतर्गत नगर वन कटनी में मंगलवार 1 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा ने आमजन से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### जिले में उत्साह पूर्वक सुनी गई प्रधानमी की मन की बात

## पीएम ने कहा योग पूरी दुनिया में छा गया है, सशक्तिकरण का जरिया बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात (123 वीं) रविवार को पूरे जिले में सुनी गई। मन की बात के जरिये लोगों ने बेहद उत्सुकता से घरों दुकानों सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न संचार माध्यमों से प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उसे आत्मसात किया। मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी रवि खरे ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, जिला प्रभारी संजय साहू के मार्गदर्शन में कटनी जिले में बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। जिसमें स्थानीय लोगों की उत्साहजनक भागीदारी थी।

जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने पुणे प्रवास पर रहते हुए परिवार के साथ मन की बात सुनी। इसी तरह विधायक संजय पाठक ने निवास पर परिवार के साथ विधायक संदीप जायसवाल ने निवास पर विधायक धीरेंद्र सिंह तथा विधायक प्रणय पांडे ने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी, इसी तरह महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने बूथ अंतर्गत मन की बात को सुना। जिले के पदाधिकारियों ने अपने अपने तय स्थानों पर यह कार्यक्रम सुना। मंडलों में मंडल अध्यक्ष जिला तथा वरिष्ठ नेताओं ने अलग अलग स्थानों पर मन की बात सुनी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो शो मन की बात से देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार आप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऊर्जा से भरे हुए हैं। यह 10 साल पहले शुरु हुआ था और आज पूरी दुनिया में छा गया है।

योग दिवस की खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलीं। योग अब सशक्तिकरण का जरिया बन गया है। उन्होंने ये भी बताया, 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' यानी WHO ने भारत को Trachoma free घोषित कर दिया है। अब भारत Trachoma मुक्त देश बन चुका है। ये उन लाखों लोगों की मेहनत का फल है, जिन्होंने बिना थके, बिना रुके, इस बीमारी से लड़ाई लड़ी। ये सफलता हमारे हेल्थ वर्कर्स की है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए एसपी ने बच्चों संग किया पौधारोपण



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए माधवनगर क्षेत्र की मान सरोवर कॉलोनी स्थित तालाब के आसपास स्कूली बच्चों के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर कटनी शहर के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा नवमी से लेकर बारहवीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने स्वयं पौधरोपण करते हुए बच्चों को पर्यावरण की महत्ता समझाई और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, जो न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं समाज में हरित क्रांति के प्रति सकारात्मक संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और सहयोग प्रदान किया।

## डोलोमाइट की खदान में विस्फोट के बाद पत्थर गांव में गिरे, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भदावर में संचालित डोलोमाइट की खदान में रविवार सुबह खदान में किये गए विस्फोट के बाद पत्थर गांव में आकर गिरे। यह तो गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि जिस समय यह घटना हुई, उस समय खदान संचालक भी वहीं पर मौजूद थे और ग्रामीणों ने जब इस बात का विरोध किया तो खदान संचालक ने ग्रामीणों को धमकी दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि खदान संचालक अपने गुर्गों के साथ पहुंचा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़वारा थाना पुलिस भी मौके पर पहुँची हालांकि कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक यह खदान कटनी निवासी संदेश जैन की बताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा खदान संचालक पर धमकाने और बंदूक लहराकर डराने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

#### ग्रामीणों ने लगाए आरोप

इस संबंध में बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल का कहना है कि ग्राम भदावर स्थित खदान में रविवार को सुबह विस्फोट की खबर के बाद मौके पर जाकर मामले को शांत कराया गया था। ग्रामीणों का कहना था कि खदान संचालक द्वारा धमकी दी गई है लेकिन अभी तक इस सम्बन्ध की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

### खेती के साथ बकरी पालन कर किसान ने अर्जित किया लाभ

## राष्ट्रीय पशु धन मिशन योजना से एक साल में ही कमाया साढ़े 5 लाख रूपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना का लाभ लेकर विकासखंड कटनी के ग्राम खिरहनी कटंगी कला निवासी सुधीर कुमार चंद्राकर ने खेती के साथ-साथ बकरी पालन कर मात्र एक साल की अल्प अवधि में ही साढ़े 5 लाख रूपये की अतिरिक्ता आमदनी अर्जित किया है।

सुधीर से प्रेरित होकर अब बकरी पालन के इच्छुढक आस-पास के गांवों के लोग भी इनके बकरी फार्म में पहुंचकर बकरी पालन के तौर-तरीके सीख रहे हैं।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ. आर के सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत सुधीर चंद्राकर ने 300 बकरी एवं 15 ब्रीडेबल बकरों का पालन किया है। बकरी पालन की कुल प्रोजेक्ट कॉस्टन 60 लाख 2 हजार 500 रूपये की है। जिसमें से हितग्राही श्री चंद्राकर को योजना के प्रावधान के अनुसार प्रोजेक्ट् लागत का 50 फीसदी 30 लाख रूपये का शासकीय अनुदान मिलेगा। जिसमें से अनुदान की प्रथम किश्तस के रूप में हितग्राही सुधीर को 15 लाख रूपये की प्रथम किश्तक मिल भी चुकी है। जल्दीस ही अनुदान की दूसरी किश्तर भी उन्हें प्राप्तय हो जाएगी। मेकैनिकल इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्तद सुधीर चंद्राकर खेती कार्य के अलावा छोटे-मोटे निर्माण कार्यों की ठेकेदारी भी करते हैं।

सुधीर ने बताया कि ठेकेदारी का काम करने के बाद भी मुझे आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता था। ऐसे में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा मुझे पशुधन मिशन द्वारा बकरी पालन और 50 प्रतिशत अनुदान मिलने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बकरी पालन का काम शुरू करने के 1 वर्ष के भीतर ही 50 बकरे बिक्री के लिए तैयार हो गए, जिन्हें मैंने 10 से 15 हजार रूपये प्रति बकरे की दर से बेचा है। इससे उनको कृषि एवं ठेकेदारी सहित अन्यन कार्यो से मिलने वाले पैसे के अलावा साढ़े 5 लाख रूपये की अतिरिक्त आय अर्जित हुई। सुधीर ने आर्थिक मुश्किलों का सामना करने वाले बेरोजगारों को भी पशुधन मिशन योजना का लाभ लेकर बकरी पालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन, शूकर पालन आदि कर अतिरिक्त आय अर्जित करने की बात कही।

### निगमायुक्त ने ई केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा कर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## कम प्रगति एवं कार्य में लापरवाही पर दो कर्मचारियों को किया सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासन निर्देशानुसार नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय से प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम के गठित दल द्वारा नगर में किए जा रहे ई केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा रविवार को की जाकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ एक सप्ताह में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिए गए।

बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित नगर निगम सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, प्रभारी ई-गवर्नेंस अधिकारी संदीप पाठक,समस्त राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, वार्ड दरोगा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की मौजूदगी रही।

समीक्षा के दौरान ई केवाईसी कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अप्रसन्नता जाहिर करते हुए गठित दल को तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर एक सप्ताह में शेष कार्य को पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी गई।

#### इनको किया सेवा से पृथक

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा समीक्षा के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी रविकांत शुक्ला द्वारा शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य में रुचि नहीं लेने तथा ई के वाई सी कार्य की नगण्य प्रगति पाए जाने तथा एक अन्य कर्मचारी दिनेश खरे द्वारा दायित्वों के निर्वहन पर लापरवाही बरतने पर दोनों कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए गए।

वहीं निगमायुक्त श्री दुबे ने नाराजगी व्यक्त करते हुए समीक्षा बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों का भी एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश उपायुक्त श्री गुप्ता को दिए।

निगमायुक्त श्री दुबे ने बैठक के दौरान शासकीय उचित मूल्य की गल्ला दुकानों, डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क, ए आर आई के संपत्ति कर रजिस्टर एवं वोटर लिस्ट से मिलान कर शेष छूटे नागरिकों की ई के वाई सी किए जाने सहित कम प्रगति वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने हेतु पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही का तीन दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश उपायुक्त श्री गुप्ता को दिए।

#### अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा समीक्षा के दौरान अनिल पाठक द्वारा अपने कार्य में विशेष रुचि लेकर ई के वाई सी कार्य में दल में अग्रणी रहने पर उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए गठित दल के अन्य कर्मचारियों को भी श्री पाठक की कार्यशैली का अनुसरण कर कार्य में प्रगति लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निगमायुक्त श्री दुबे ने गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेते हुए, प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर, एक सप्ताह में शेष कार्य को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी।

### पहाड़ी एवं बड़वारा में शिविर कल

**कटनी।** विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पहाड़ी में मंगलवार 1 जुलाई को एवं विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बड़वारा में बुधवार 2 जुलाई को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि यह शिविर शाम 4 बजे से संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा। शिविर में आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। विकासखंड स्तरीय अधिकारी समय पर उपस्थित रहेंगे।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

खबर संक्षेप

## देवेंद्रनगर में वैश्य महासम्मेलन की बैठक सम्पन्न

### संगठन विस्तार, सेवा संकल्प और सामाजिक सहभागिता पर लिए गए अहम निर्णय

**देवेंद्रनगर।** मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन, तहसील एवं नगर इकाई देवेंद्रनगर की विशेष बैठक आज दोपहर सत्यम ट्रेडर्स (विनोद गुप्ता निवास) पर सम्पन्न हुई। यह बैठक माननीय मनोज केसरवानी (जिला अध्यक्ष) एवं माननीय रामेश्वर गुप्ता (पूर्व जिला अध्यक्ष) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक स्वर्गीय सुरेश अग्रवाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी जी ने कहा कि "हर तहसील और नगर में संगठन को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए सक्रिय सह भागिता सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता जी ने कहा - वैश्य महासम्मेलन का दायरा अब केवल सामाजिक आयोजनों तक सीमित नहीं, बल्कि हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी सामाजिक नेतृत्व निभाना है। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार रहे - तहसील और नगर क्षेत्र में वैश्य समाज के सदस्यों की अद्यतन गणना की जाएगी। सभी इकाइयों के पदाधिकारियों के नाम, मोबाइल नंबर एवं पते की सूची तैयार की जाएगी। नवीन सदस्यों का स्वागत कर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। महिला और युवा इकाई की भूमिका को मजबूती देने हेतु विशेष कार्यक्रमों की योजना बनेगी।

### राज्यमंत्री ने जबेरा जनपद के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, वन चौकी में किया पौधारोपण

# चौपरा विद्युत उपकेंद्र से 24 ग्रामों को बिजली प्राप्त हो रही, यह बड़ी उपलब्धि - राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा



जबेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार को जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर निर्मित किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। तो वही एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी जबेरा जनपद के ग्राम चंडी चौपरा पहुंचे। जहां उन्होंने 3.3 करोड़ रुपए की लागत से बने 33/11 के व्ही उप विद्युत केंद्र का निरीक्षण किया।

साथ ही चौपरा में 03 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्होंने औचिक निरीक्षण किया जहां निर्माण कर रहे कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इसी तरह राज्यमंत्री श्री लोधी ने पटी महाराज में 27 लाख रुपए की लागत से बने नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पणक किया। अपने प्रवास के दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी सरस्वती स्कूल प्रांगण चौपरा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम के समापन अवसर पर सम्मिलित हुए। जल गंगा संवर्धन अभियान एक माह पहले शुरू हुआ था जिसका समापन किया गया। इसी तरह नोहटा वन चौकी में पहुंच कर एक पेड़ मां के नाम के तहत 30 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि चौपरा में लंबे समय से नवीन विद्युत उपकेंद्र की मांग की जा रही थी और जब मैं पहली बार विधायक बना तो ऊर्जा मंत्री जी से इस केंद्र को स्वीकृत कराया और आज यह बनकर तैयार है। इसके निर्माण से लगभग 24 ग्रामों को बिजली सप्लाई की सुविधा प्राप्त हो रही है निश्चित ही यह एक बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि फिर मांग की गई की एक अस्पताल बनाया जाए जिसको मैंने स्वीकृत कराया और आज 3.3 करोड़ रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का निर्माण कार्य निरंतर जारी है। निश्चित ही स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से लगभग 30 ग्रामों को स्वास्थ सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा पहले मरीज को इलाज के लिए जबेरा या नोहटा जाना पड़ता था जिससे समय और पैसे अधिक खर्च होते थे। लेकिन अब समय के साथ पैसों की भी बचत होगी और स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होंगी। इसी तरह नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण 27 लाख रुपए की लागत से किया गया है जिसमें बच्चे शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां और संस्कार भी प्राप्त करेंगे जिससे पटीमहाराज सिंह ग्राम के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया कि जल गंगा संवर्धन योजना के माध्यम से जनपद जबेरा में 04 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से पुरानी बावड़ी, कुआ और तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया। साथ ही धरती आवा योजना के माध्यम से जनपद जबेरा के 113 ग्रामों को जोड़ा गया है। इन ग्रामों में 02 करोड़ से अधिक की राशि से ग्राम में विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत नोहटा वन चौकी में पौधारोपण करते हुए कहा कि हम सभी संकल्प लेकर एक पेड़ अवश्य लगाएं क्योंकि कहा भी गया है कि सांसे हो रही है कम आओ पेड़ लगाए हम, पेड़ों की महत्वता हमें कोरोना काल से समझना चाहिए कैसे लोगों को जीवन के लिए ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम के तहत हर आम जन तक पहुंच रहा है और लोग प्रभावित होकर निरंतर पेड़ लगाने का कार्य कर रहे हैं निश्चित ही एक यह एक क्रांतिकारी कदम है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से दमोह अधीक्षक अभियंता सुभाष नागेश्वर, कार्यपालन अभियंता एमएल साहू, जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, कनिष्ठ अभियंता प्रभात दुबे, वन मंडल अधिकारी मानक पुरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया, परिक्षेत्र सहायक नोहटा रशीद कुरैशी, नवल किशोर पटैल अशोक कोरी, सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, वरिष्ट कार्यकर्ता कमल सिंघई, नर्मदा प्रसाद राय, जनपद सदस्य इंद्रजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

# रैपिड एक्शन फोर्स ने हिण्डोरिया थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

भारत सरकार के विशेष दिशा निर्देश पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की बी/ 107 बटालियन को एक प्लाटून श्री जगदीश प्रसाद बलाई कमांडेन्ट 107 बटालियन के आदेश अनुसार अभिषेक कुमार यादव (सहायक कमांडेड) के नेतृत्व में दिनांक 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक दमोह जिला मध्यप्रदेश के सभी थाना क्षेत्रों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा है।

इस सम्बन्ध मे सहायक कमांडेड अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि इस समय प्लाटून में राजपत्रित अधिकारी 01, अधीनस्थ अधिकारी 12 , अन्य सैनिक 32 कुल 45 सैनिक उपस्थित है। श्री यादव ने आगे बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स का गठन 1992 को किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस कोर्स के गठन का मूल उद्देश्य दंगा या दंगों जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किया गया था। जो कि कम से कम समय में दंगे वाली जगह पर पहुंचकर परिस्थितियों को देखते हुए वहां की स्थिति के अनुसार कार्य करके उपरोक्त हालात से निपट सके। रैपिड एक्शन फोर्स की 01 कंपनी को प्रत्येक दिन प्रतिवाचन के लिए तैनात किया जाता है । ताकि किसी भी जिले में किसी प्रकार की आकस्मिक घटना होने पर घटना वाले स्थान पर तुरंत पहुंचा जा सके । फोर्स की 16 वी बटालियन भारत के विभिन्न प्रदेशों के अलग-अलग जिलों में हमेशा तैनात रहती है। वर्तमान में 107 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स को जिला दमोह मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया है। रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान थाना हिंडोरिया जिला दमोह मध्य प्रदेश की भौगोलिक, सामाजिक धार्मिक, राजनीतिक जानकारियां एकत्रित करने तथा क्षेत्र की जनसंख्या साक्षरता दर और असामाजिक तत्वों, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों व दंगाइयों की सूची तैयार की जाएगी । और भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या सांप्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर वह किस प्रकार से उसे पर नियंत्रण किया जाए आदि सभी का गहन अध्ययन किया जा रहा है। आज रविवार को बल के जवानों द्वारा थाना हिंडोरिया मे क्षेत्रीय परीचय अभ्यास किया गया । जिसमें थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा के अलावा हिण्डोरिया थाना के पुलिस बल के अनेक जवान भी शामिल हुए। इस दौरान थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों मे फ्लैग मार्च किया गया ।

थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि इस परिचय अभ्यास का उद्देश्य जिले के सिविल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ विपरीत परिस्थितियों मे सामंजस्य बनाए रखना एवं एक दूसरे का सहयोग करते रहने के अलावा आमजन के मानस में कानून के राज पर विश्वास कायम करना है।

# एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदकपुर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 123वें संस्करण को सुना। सांसद श्री लोधी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने योग, कैलाश मानसरोवर यात्रा, सावन माह, डब्यूएचओ द्वारा भारत को ट्राकोमा फ्री घोषित करना, पूर्वोत्तर भारत के विकास की गति समेत अनेक विषयों पर गहन जानकारी साझा की। इस अवसर पर गौरव पटेल, धर्मेन्द्र पटैल, ब्रजेश सिंह लोधी, राघवेन्द्र परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे।

# अभाविप की बैठक संपन्न



**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला दमोह इकाई दमोह की नगर बैठक संपन्न हुई। 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस हेतु साप्ताहिक पखवाड़ा चलाने हेतु यह बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नगर में चल रहे शिक्षा में अनियमिताएं हेतु सुधार हेतु भी चर्चा की है एवं परिषद की नवीन कार्यकारिणी घोषणा हेतु पूर्व योजना बनाई गई। परिषद की कार्यपद्धति से यह बैठक हर माह आयोजित की जाती है जिसमें अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

पीएम श्री हाई स्कूल घटेरा के प्रभारी प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जैन की सेवानिवृत्ति 30 जून के उपलक्ष्य में 1 जुलाई दिन मंगलवार को पीएम श्री हाई स्कूल घटेरा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम मुख्य अतिथि एस के असाटी डीपीसी दमोह एवं प्रवेंद्र वैध बीआरसी जबेरा विशिष्ट अतिथि में मोहन राय एपीसी शरद तिवारी सहायक संचालक विनोद बाजपेई विकासखंड शिक्षा अधिकारी जबेरा प्राचार्य गोपाल महोबिया, बम्होरी प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार बनवार बलराम चौबे जन शिक्षक जनपद सदस्य कंछेदी यादव समाजसेवी गुड्डा जैन सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र सिंह की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा सम्मान समारोह का आयोजन पीएम श्री घटेरा हाई स्कूल में किया जा रहा है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया जाएगा और उनकी सेवाओं को याद किया जाएगा।- समारोह में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।- सेवानिवृत्त शिक्षक के परिवार के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

# भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के टेस्ट का आयोजन

**दमोह।** उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिले में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की तैयारी हेतु निशुल्क टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया है। आज भौतिक एवं रसायन विज्ञान का निशुल्क टेस्ट प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक उच्च माध्यमिक शिक्षक डीपी कटारे, कृषि विस्तार अधिकारी पिंकू अहिरवार, कृषि विस्तार अधिकारी संजय रोहित के पर्यवेक्षण में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय दमोह में आयोजन कराया गया जिसका सॉल्यूशन भी विषय विशेषज्ञों द्वारा कराया जाएगा। ज्ञात हो की प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की परीक्षा का आयोजन इस वर्ष 26 जुलाई 2025 दिन शनिवार को किया जाना है इसके आवेदन फॉर्म 08 जुलाई तक एम्पलाई सिलेक्शन बोर्ड की वेबसाइट से ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

# सामुदायिक बैठक में ग्रामीणों ने दिखाई सक्रिय भागीदारी

**बनवार।** जबेरा ब्लॉक के ग्राम चिल्लौद में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा द अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएलए बैठकों के अंतर्गत सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य ओर पोषण जैसे अहम विषयों पर गांव की महिलाओं ओर पुरुषों ने मिलकर चर्चा की। कार्यक्रम के पूर्व सभी ग्रामवासियों ने बेहतर तैयारी की एवं सभी बैठक की सीख को साझा करने की जिम्मेदारी गांववासियों ने स्वयं संभाली। महिलाओं, किशोरियों ओर पुरुषों ने मिलकर बैठक को सफल बनाया और दिखाया कि गांव अब स्वास्थ्य संबंधी बदलावों के लिए खुद आगे आ रहा हे। माला सरपंच सुरभि राय ओर सुरेश राय की उपस्थिति में हुई बैठक में किशोरी बालिकाओं ने एक प्रेरक नाटक भी प्रस्तुत किया, अंत में गांव ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हर गर्भवती महिला ओर बच्चे तक सही जानकारी ओर सेवाएं पहुंचेगी। बैठक में पिछले सात महीनों के दौरान आयोजित पीएलए बैठकों की प्रमुख जानकारियों और सीख को साझा किया गया। विशेष रूप से ग्राम की महिलाओं ने स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित अनुभवों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया, जो यह दर्शाता है कि गांव की महिलाएं अब बेहतर स्वास्थ्य और पोषण की दिशा में नेतृत्व कर रही हैं। बैठक में आशा सुपरवाइजर, एमपीएस, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम के गणमान्य नागरिक, सक्रिय सदस्य और अंतरा फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वर्षा तिवारी एवं घनश्याम उपाध्याय द्वारा किया गया। गांव चिल्लौद की यह पहल निश्चित ही हर माता स्वस्थ, हर बच्चा स्वस्थ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# घर में घुसी विशाल गौह का किया रेस्क्यू तब ली परिवार वालों ने राहत की सांस

**पन्ना।** नगर के धाम मोहल्ला स्थित आकाश कुशवाहा के घर में उसे समय हड़कंप मच गया जब उसके आंगन के बाथरूम में एक विशाल गौह को बैठा हुआ देखा। परिजन घबराकर घर के बाहर निकल आए और मोहल्ले वालों को बताया पर किसी की गौह को भगाने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। तब रेस्क्यू करने वाले नंदू कुशवाहा को इंद्रपुरी कॉलोनी से फोन लगाकर बुलाया गया। नंदू कुशवाहा ने आते ही बाथरूम में से गौह को पकड़ लिया। तब कहीं जाकर परिवार वालों ने राहत की सांस ली। गौह काफी बड़ी थी जो लगभग 2 फुट से भी बड़ी लग रही थी जिसको देखते ही लोगों को भय महसूस हो रहा था। लेकिन रेस्क्यू करने वाले नंदू ने उसे पलक से झपकते ही हाथ से पकड़ लिया और बाद में जंगल ले जाकर उसे सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# रखरखाव के अभाव में खंडहर में बदल चुके पुलिस कर्मियों के आवास

### क्षतिग्रस्त आवासों एवं कई सालों पुराने खपरैल आवासों में रहने मजबूर कर्मचारी पूरे समय संता रहा हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा





आमजन की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मी किस हालात में पुलिस क्वार्टरों में रह रहे हैं इसका अंदाजा बिना देखे नहीं लगाया जा सकता है टूट चुके खिड़की, दरवाजों की जगह लगे कपड़े के खिड़की दरवाजे, टपकते छत, टैंक विहीन टॉयलेट, पीने के पानी की किल्लत और आवासों के पास गंदगी का आलम, यह तस्वीर है जिले के तेजगढ़ थाना के पुलिस आवासों की है। जिनमें पुलिस जवान और उनका परिवार बमुश्किल गुजारा कर रहा है। आरक्षकों और उनके परिवार वालों को रहने लायक मकान तक नसीब नाहीं हो पाए हैं आरक्षकों का परिवार कंडम घोषित हो चुके मकानों में रहने को मजबूर हैं। दरअसल ब्लॉक के तेजगढ़ थाना में बने दर्जनों सरकारी आवासों का समय पर सुधार न होने के कारण अब वह खंडहर में बदलने लगे हैं। कई क्वाटरों में लगी कीमती सामग्री खिड़की, दरवाजे गायब हो चुके हैं। इन क्वाटरों की दुर्दशा सुधारने न तो जिम्मेदार विभाग ध्यान दे रहा है और ही इन क्वाटरों में रहने वाले कर्मी फिक्रमंद है जिसके कारण ये भबन धीरे धीरे जर्जर हालत में पहुंच चुके है इनमें से कुछ तो जमींदोज भी हो चुके हैं। जिसके कारण अधिकतर पुलिसकर्मियों के पास रहने के लिए बेहतर आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और वह किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर हैं वैसे तो पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए तेजगढ़ थाना परिसर में रहने हेतु दर्जनों क्वाटर बने हुए हैं, लेकिन जो क्वाटर बने हैं वह कई साल पुराने है और खपरा वाले इन क्वाटरो की हालत पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इन आवासों का सुधार कार्य भी नहीं कराया जाता है। जिसके कारण इनकी हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। जब भी जिले या सागर से वरिष्ठ अधिकारियों का आना-जाना होता है। वह भी इन आवासों की दुर्दशा देखकर चले जाते हैं। इन सरकारी आवासों में रहने वाले पुलिसकर्मी भगवान भरोसे निवास कर रहे हैं। क्योंकि प्रतिदिन इनके घरों में जहरीले जीव जंतु निकलते रहते हैं। इससे पुलिसकर्मी डरे सहमे रहते हैं। यह आवास थाना परिसर के अंदर बने हुए हैं। जहां पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी सहित

### परिवहन के नाम पर मिल रहा साइकिल भत्ता

इस दौर में भी पुलिस कर्मियों को वाहन के नाम पर सिर्फ साइकिल भत्ता दिया जा रहा है जिसके तहत प्रतिमाह 18 रुपए पुलिस कर्मियों को दिए जा रहे है। गौर करने वाली बात ये है कि इतने कम भत्ते में पुलिस कर्मी कैसे गुजारा करेंगे। जबकि तहसील में यदि कोई पुलिस कर्मी किराए से मकान लेता है तो उसकी किराया राशि 3 हजार से 5 हजार रुपए तक होती है।

पुलिस विभाग के अधिकारियों का तेजगढ़ थाने में आना जाना होता है, लेकिन अधिकारियों की नजर भी सुधार कार्य की ओर नहीं पहुंच रही है। निवास कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि 20 साल से भी अधिक का समय बीत गया है, लेकिन इन आवासों की मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। जिससे ये खंडहर में तब्दील होने पर पहुंच चुके है।

### तेंदूखेड़ा पुलिसकर्मी के भी क्वाटरों हो चुके कंडम

इसी तरह तेन्दूखेड़ा नगर में पांच थानों और पांच पुलिस चौकी के अंतर्गत अनुविभाग कार्यालय बना हुआ है लेकिन यहां पर भी पुलिसकर्मियों के रहने के लिए पक्के आवास उपलब्ध नहीं है तेन्दूखेड़ा थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी किराए के मकानों एवं खंडहर क्वाटरो में रहने मजबूर हैं कहने को तो पुलिसलाइन है लेकिन इस पुलिस लाइन में बने क्वाटरों जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं दरअसल नगर में बने पुलिस लाइन के सभी क्वाटर पुराने और जर्जर हो चुके हैं। यहां बने पुलिस क्वाटर की मरम्मत बीते 10 साल से नहीं की गई है मिट्टी के बने ये कच्चे मकान अब इतने ज्यादा जर्जर हो चुके हैं कि इनकी मरम्मत संभव नहीं है तेजगढ़ और तेन्दूखेड़ा में रहने वाले पुलिसकर्मी बरसात में इन मकानों में रह रहे पुलिस जवान के परिवार के लोग डरे हुए रहते हैं तेज बारिश में कभी भी मकान गिर सकते हैं हादसे का खतरा हर वक्त बना रहता है। इन मकानों की आयु 50 साल से भी अधिक हो चुकी है। तेजगढ़ और तेंदूखेड़ा थानों में पदस्थ आरक्षकों ने बताया कि यहां के हालात वाकई में डरावने हैं। हर वक्त खतरा मंडराता रहता है। वर्तमान में मकानों की हालत ये है कि दीवारों का प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है। क्वाटरों की दीवारों के हालात ऐसे है कि यदि उनमें एक कील लगाई जाए तो दरार आ जाती है। खपरैल छत की हालत भी बेहद नाजुक है। छत से पानी रिसने के कारण हर घर में प्लास्टिक पॉलीथिन बांधी गई है। रात में यदि बारिश होती तो उसमें पानी भर जाता है। कर्मी एवं परिवार के सदस्य पानी बाहर निकालते हुए नजर आते है।

### अभी तक नए मकान की नहीं मिली सौगात

पुलिस विभाग अनुसार कुछ मकानों को कंडम घोषित कर दिया गया है, लेकिन नये आवास की अनुपलब्धता होने पर इन मकानों में भी सिपाही, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, चालक सहित अन्य रह रहे है। गौर करने वाली बात ये है कि क्वाटरों की स्थिति से पुलिस विभाग के बड़े अफसर बाखिफ है लेकिन इस ओर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुलिसकर्मियों को तहसील स्तर पर हर माह 270 किराया मिलता है। जिसमें बिजली का बिल भी नहीं भर सकता और इतने रुपयों में आवास मिलना मुश्किल है।

### फर्श और दीवार हो गई क्षतिग्रस्त

जिस क्वाटरों में यह पुलिसकर्मी निवास कर रहे हैं उनका फर्श उखड़ गया है और दीवारों में सीमेंट नहीं बचा है। साथ ही दरारें आ गई है और बड़े बड़े छेद दीवारों पर हो गए हैं। भवनों की पुताई भी अभी तक नहीं की गई है। इन आवासों का सुधार न होने से खंडहर हो गए हैं। कई क्वाटरों में लगी सामग्री जैसे खिड़की दरबाजे गायब हो चुके हैं और खपरा तक नहीं दिखाई देते हैं। जिस कारण आवासों के अंदर बारिश में पानी भर जाता है। जिससे परिजनो को मुश्किलें खड़ी हो जाती है। उनकी दुर्दशा सुधारने न तो जिम्मेदार विभाग ध्यान दे रहा है और न ही इनमें रहने वाले पुलिसकर्मी। जिसके कारण ये भवन धीरे धीरे जर्जर हालत में पहुंच कर कभी भी जमींदोज हो सकते हैं। जिसके कारण बड़ा हादसा भी हो सकता है। इनमें से कुछ तो जमींदोज भी हो चुके हैं। जिसके कारण अधिकतर पुलिसकर्मी बेहतर आवास उपलब्ध नहीं होने के कारण मजबूरी में वह तेजगढ़ व तेन्दूखेड़ा में किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर हैं।

**खबर संक्षेप**

### जिले के बूथ केंद्रों पर सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात का 123वां प्रसारण जिले के सभी 24 मंडलों के बूथ केंद्र पर सीधे प्रसारण के माध्यम सुना गया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्यप्रदेश शासन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला, मनीष तिवारी, भरत यादव ने बूथ क्रमांक 95 में मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना एवं बटियागढ़ मुक्ति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत मन की बात कार्यक्रम के 123 वां संस्करण के उपलक्ष्य में 123 पौधों का रोपण किया गया। दमोह सांसद राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह ने दमोह विधानसभा अंतर्गत बांदकपुर मंडल के बूथ केंद्र 193 पर मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुना। जबेरा विधायक और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह ने निज निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

चंडी चौपरा में गाय के हत्यारे अभी तक नहीं पकड़े, प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

# गौ हत्या के मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम चंडी चौपरा में विगत दिवस एक गाय की निर्ममता पूर्वक हत्या की गई थी। जिसमें गाय के दूध देने वाले थनो को काटा गया मुंह को कुचला व उसके जननांग पर भी वार किये गये थे। इस क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के विरोध में बजरंग दल द्वारा लगातार पुलिस से कार्यवाही की मांग की जा रही थी। परंतु अब तक कार्यवाही नही होने की दशा में रविवार को आक्रोशित बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से बाईपास तक जुलूस निकालते हुए दमोह जबलपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगाते हुए गौ हत्यारे को शीघ्र पकड़ने की मांग की। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीओपी देवी सिंह, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं की मांगों का ज्ञापन लेते हुए शीघ्र मामले की जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन





दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने कहा कि मुझे अभी ज्वाइन किए चार दिन हुए हैं घटना के संबंध में जानकारी ली गई है व एक टीम गठित कर जांच कराई जा रही है जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद कार्यकर्ता शांत हुए व चक्का जाम हटाया गया। इस दौरान मौके पर तहसीलदार सोनम पांडे, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ,सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक त्रिपुडे, एएसआई अशोक सिंह,सुंदर सुमन सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही।

पत्रकारों से कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी जी ने कहा...

# गंदी राजनीति ने फैलाई जातिवादिता, यह धर्म शास्त्रों में नहीं है: पं विपिन बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है जहां रविवार को नगर के अग्रवाल पैलेस मैं प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक विपिन बिहारी जी महाराज ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों से उत्तरप्रदेश के इटावा से देश में उपजे विवाद पर कहा कि ब्राह्मण या अन्य कोई भी वर्ग का व्यक्ति कथा करे इसमें कोई हर्ज नही है। भगवान के चरित्र को कहने का सभी को अधिकार है लेकिन आपके आचरण सही हो। जातिवादीता गंदी राजनीति ने फैलाई है हमारे धर्म शास्त्रों में जातिवादीता नही रही। मीराबाई छत्राणी थी लेकिन उनके गुरुजी संत रैदास जी थे इसलिए व्यक्ति और कथावाचक का कर्म और आचरण महत्वपूर्ण



होना चाहिए। सड़कों पर गायों और गौशालाओं की दुर्दशा के सवाल पर विपिन बिहारी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में गाय माता की सेवा सभी को करनी चाहिए गाय रखना और गाय की देखरेख करना हमारा कर्तव्य और जिम्मेदारी है, सड़कों पर गाय घूम रही और दुर्दशा की शिकार हैं यह काम हम सरकार पर नहीं थोप सकते..इसके लिए हर व्यक्ति बराबर का जिम्मेदार है जब हम अपनी गाय को खुला छोड़ते तो कसाई और गौतस्कर को दोष नही दे सकते। महाराज ने मीडिया के माध्यम से सरकार से अपील की कि सरकार राशन कार्ड ,पीएम आवास और अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को गाय रखना अनिवार्य कर दें ताकि गाय सड़कों पर नजर न आये लोग फ़्री का राशन लेने जब बाइक से आते तो वह गरीब नही हो सकते।

### जिस पर राम की कृपा होती है उस पर सारे संसार की कृपा हो जाती है -पं विपिन बिहारी

**हटा।** उपकाशी में पटेरा रोड सिविल कोर्ट के सामने रुक्मणी निकेतन में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के पांचवें दिवस बुंदेली कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने अपनी अमृतवाणी से कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जिस पर गुरु की कृपा होती है उसे भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और जिस पर शिव जी की कृपा होती है उसे भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त हो जाती है और जिस पर भगवान श्रीराम की कृपा हो जाती है उस पर सारे संसार की कृपा हो जाती है और जिस पर भगवान की कृपा नहीं होती तो किसी की भी कृपा प्राप्त नहीं हो सकती। कथा में महाराजजी ने आगे



बताया कि गुरु कृपा धन संपत्ति सेवा समर्पण भाव से प्राप्त नहीं की जा सकती, हमारे गुरु के शरीर में एक शिव पिंडी होती है और जब तक शिव पिंडी का स्पर्श नहीं कर लेती तब तक गुरु कृपा प्राप्त नहीं होती जिस प्रकार गुरु द्रोणाचार्य की सबसे प्रिय शिष्य अर्जुन थे लेकिन गुरुकृपा एकलव्य को प्राप्त हुई थी। इसलिए जब भी हम गुरु को प्रणाम करें तो शिव पिंडी का स्पर्श जरूर करना चाहिए जिससे गुरु कृपा प्राप्त हो जाये। कथा व्यास जी ने कथा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को आगे बताया कि सनातन धर्म में हम सभी सनातनी को घर में रोजाना पांच देवताओं की पूजा जरूर करनी चाहिए नहीं तो कोई फल प्राप्त नहीं होता और पांच देवता वह हैं जिनकी पिंडी व स्वरूप को पूजा जाता हो। प्रथम देव भगवान शिव, दूसरे भगवान नारायण जो है राम कृष्ण जिन्हें शालिकराम के रूप में पूजते है, तीसरी मां दुर्गा चंडी जिन्हें पिंडी व स्वरूप दोनों रूप में पूजते हैं चौथे भगवान गणेश जिन्हें हम विभिन्न प्रकार से पूजते हैं महाराज जी ने गणेश जी के बारे में बताया कि हमारे घर में विराजे भगवान गणेश को कभी बाहर नहीं जाने देना चाहिए नहीं तो घर की रिद्धि सिद्धि चली जाएगी और शुभ लाभ भी नहीं रहेंगे उन्होंने बताया कि हमें कभी भी भगवान गणेश की मूर्ति को दान में नहीं देना चाहिए क्योंकि गणेश जी को दान देने से पूरा घर खाली हो जाता है। और पांचवें पूजे जाने वाले देवता भगवान सूर्य है जिन्हें स्वरूप व पिंडी के रूप में पूजा जाता है इन सभी पांचों देवताओं हमें नित्य आराधना करनी चाहिए। कथावाचक पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने आगे बताया कि जिस घर में कुत्ता पला हो उस घर के पितर खून के आंसू रोते हैं घर में पितृपक्ष के दौरान आयोजित श्राद्ध में ब्राह्मण कभी भोजन नहीं करते और उसे श्राद्ध करने का कोई फल भी प्राप्त नहीं होता इसलिए घर में कुत्ता नहीं पालना चाहिए घर में सिर्फ गौ माता की सेवा करनी चाहिए क्योंकि गौ माता में ही सभी देवी देवताओं का वास होता है। पांचवें दिवस की कथा के दौरान मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने कथा में पहुंचकर श्री शिवमहापुराण का पूजन कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया और कथा आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कथा का रसपान किया।

## हनुमान जी को मुकुट से अलंकृत किया



**हिनौताकलां।** क्षेत्र में आस्था के प्रमुख केंद्र श्री श्री 1008 श्री संकटमोचन हनुमान जी महाराज जी की दिव्य एवं अनुठी प्रतिमा पर मुकुट से अलंकृत किया गया। सभी भक्तो पर श्री स्वयंभू हनुमान जी की कृपा सदैव बरसती है। मुकुट लगने के बाद संकट मोचन के दिव्य स्वरूप के दर्शनों को श्रद्धालु पहुंच रहे है।

## लायंस क्लब द्वारा थैले वितरित किए

**दमोह।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर लायंस क्लब दमोह द्वारा यह संकल्प लिया गया था कि पॉलीथिन के उपयोग से हो रहे पर्यावरणीय नुकसान को कम करने हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाए और थैले वितरित किए जाएं। इसी क्रम में लायंस क्लब दमोह द्वारा, सब्जी बाजार,



दिवान जी की तलैया शिवाजी स्कूल के पास थैला वितरण का कार्यक्रम रखा गया। अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में लायन हरि पालीवाल, सुधीर असाटी, मनोज टंडन, राजेन्द्र अग्रवाल, सुशील गुप्ता, अभिषेक गोयल, निशांत चौरसिया, डॉ मनीष संगतानी, अशोक छाबड़ा, जुगल अग्रवाल ने सहभागिता निभाई।

## शांति समिति की बैठक में भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील



**सगोनी।** थाना कुम्हारी अंतर्गत मुहर्रम पर्व और आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन मे सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कुम्हारी पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक रखी गई। थाना प्रभारी बृजेश पान्डेय ने बैठक में उपस्थित लोगों से त्योहार आयोजन की रूपरेखा आदि पर चर्चा कर सभी से भाईचारे और शांति के साथ उत्सव बनाने की अपील की साथ ही लोगों को बताया कि बारिश के दोनों में जल भराव और नदी नालों के उफान पर होने की स्थिति में सावधानियां रखने हुए पुलिस व्यवस्था में सहयोग करें। बैठक में साइबर क्राइम जागरूकता के तहत जानकारी फर्जी फोन कॉल डिजिटल अरेस्ट और अन्य भ्रामक जानकारियों से बचने की सलाह देकर पुलिस की मदद लेने की बात कही। बैठक में आसपास के ग्रामों के ग्रामवासी और समस्त पुलिस स्टाफ रहा।

## सीसी रोड नहीं कीचड़ भरी गलियों में जी रहे खैरो गांव के लोग

**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत मौसीपुरा के गांव खैरो में विकास कार्य की कमी के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव में एक भी सीसी रोड नहीं है, जिससे कीचड़ भरी गलियों और आवागमन की परेशानी होती है। इसके अलावा, गांव में आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल की कमी है, जिससे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। नदी में घाट और पहुंच मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को निस्तार के काम में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि चार सौ की आबादी वाले इस गांव में एक भी सीसी रोड नहीं होने से कीचड़ भरी गलियों और आवागमन की परेशानी होती है। गांव में आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल नहीं होने से बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। नदी में घाट और पहुंच मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को निस्तार के काम में परेशानी



होती है।-गांव में पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर कई बार कलेक्टर के यहां चक्कर काट चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने बताया खेरो गांव विकास की कमी है और ग्रामीणों की समस्या इस कदर बढ़ी है कि सीसी रोड नहीं बनने से कीचड़ भरी गलियों में ग्रामीण जीने को मजबूर हैं आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल की कमी के चलते बच्चों का भविष्य अधर में उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें आश्वस्त किया है कि वे उनकी मांग को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे और जनपद में सीसी रोड के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव बनाकर स्वीकृत कराएंगे।

## जीतू पटवारी पर की गई फर्जी एफआईआर वापस ली जाए : कांग्रेस

**गैसाबाद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 27 जून 2025 को जिला अशोकनगर के मुंगावली पुलिस थाना में दर्ज कराई गई फर्जी FIR पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना को लेकर कराई गई है। भाजपा द्वारा रचा गया यह षड्यंत्र भाजपा की दमनकारी मानसिकता को दर्शा रहा है। उक्त उदगार हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कहे। कांग्रेस नेता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार की घोर निंदा करते हुए कहा, कि जीतू पटवारी जी पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाए जाने की लड़ाई लड़ते हुए भाजपा के काले कारनामों को उजागर कर रहे हैं। जिससे बीजेपी घबराई हुई है और हिटलर शाही की भूमिका निभाते हुए सच्चाई को कुचलने दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुखिया मोहन यादव जी एवं राज्यपाल महोदय जी से जीतू पटवारी जी के खिलाफ की गई झूठी एवं मिथ्या एफआईआर को वापस लिए जाने की मांग की है।

## आर्यिका संघ के सानिध्य में कल्याण मंडल विधान संपन्न, दीक्षा दिवस महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के मंगल आशीर्वाद तथा आर्यिका तपो मति माता जी के मंगल सानिध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में त्रिदिवसिय धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को कल्याण मन्दिर विधान का आयोजन किया गया। सोमवार को आचार्य श्री विद्यासागर जी का 58 व मुनि दीक्षा दिवस भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मन्दिर जी में आर्यिका रत्न तपोमती माताजी के ससंघ के सानिध्य में रविवार को प्रातः श्रीजी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत कल्याण मंडल विधान का आयोजन हुआ। विधान के महापात्राओं के साथ इंद्र इंद्राणी श्रावक जनों ने भक्ति भाव के साथ पूजन करते हुए भगवान पारसनाथ की स्तुति की। प्रतिष्ठाचार्य संजीव भैया, सुरेश चंद जी शास्त्री, अरिंजय बर्धन, आशीष अभिषेक शास्त्री के निर्देशन में संगीतमय विधान संपन्न हुआ। इस अवसर पर सोधर्म इंद्र बनकर पूजन का सौभाग्य राजेश



हिनोति परिवार को प्राप्त हुआ। अन्य महापात्र बनकर शांतिधारा एवं पूजन का सौभाग्य श्रेयांश पदम लहरी परिवार, विमल जैन खजरी परिवार, शैलेन्द्र सुधीर बजाज परिवार, जिनेन्द्र उस्ताद परिवार, आनन्द जैन लैब परिवार, रिंकू अप्पू खजरी परिवार, राजेन्द्र अटल परिवार, रूपचंद जैन बनवार परिवार, चंद्र कुमार पदम खजरी परिवार, संतोष अविनाशी परिवार, धरम पिपरिया परिवार, संजय सराफ बडे परिवार सहित अनेक श्रावक जनों को प्राप्त हुआ। दोपहर में श्री नेमिनाथ वेदी एवं श्री महावीर बेदी समोशरण से सभी जिन प्रतिमाओं को पारसनाथ भगवान के समवशरण में भक्ति भाव के साथ विहार कराकर लाया गया। नन्हे मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि 30 जून को प्रातः वेला में श्रीजी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत आर्यिका संघ के सानिध्य में आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन होगा। ततपश्चात दीक्षा दिवस एवं वेदी प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होगा। महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने सकल जैन समाज से परिवार सहित आचार्य श्री के मुनि दीक्षा दिवस समारोह में शामिल होकर पुण्यार्जन की अपील की है।

## गायत्री परिवार दमोह के सहयोग से यज्ञ व हवन का आयोजन



**दमोह।** रविवार को जिला जेल दमोह में बंदियों ने अखिल विश्व गायत्री परिवार दमोह के सहयोग से यज्ञ व हवन किया। जेल में निरुद्ध बंदियों के साथ जेल अधीक्षक सी.एल.प्रजापति, जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला, प्रहरी रामकुमार शाक्य, महिला प्रहरी सत्यवती कुर्मी, दुर्गा चौधरी,नीलू सिंह आदि ने भी हवन किया। गायत्री परिवार की ओर से पंकज हर्ष श्रीवास्तव, पुनीत मिश्रा, राघवेन्द्र नेमा, खिलाड़ी प्रसाद रैकवार, भूपेन्द्र तिवारी, तहसीलदार गुर्जर, भूपसिंह ठाकुर, लखनलाल शुक्ला, श्रीमती अर्चना राय, श्रीमती विमला नामदेव, श्रीमती विद्या राजपूत ने मंत्रोच्चारण व विधि पूर्वक यज्ञ व हवन संपन्न कराया। गायत्री परिवार से आये हुए आगुंतकों ने बताया कि यज्ञ आत्मा को शुद्ध करने व परमात्मा के साथ संबंध स्थापित करने का तरीका है साथ ही 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और परोपकार की भावना के साथ किया गया यज्ञ समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मकता लाने में मदद करता है। जेल अधीक्षक श्री सी.एल.प्रजापति ने कहा कि जेल में यज्ञ का महत्व और अधिक हो जाता है क्योंकि इससे बंदियों की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और वातावरण में सकारात्मकता का संचार होता है। यज्ञ एवं हवन के बाद सभी बंदियों को प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक श्री सी.एल.प्रजापति ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर अन्य जेल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## महिलाओं ने एसपी ऑफिस पहुंचकर लगाई गुहार: सर अवैध शराब बिक्री बंद करवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा थाना अंतर्गत देवतरा खुर्द ग्राम पंचायत मुडेरी में अवैध शराब बिक्री बंद करवाने की मांग को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम की महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ग्राम की महिलाओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया तीन बार थाने में ज्ञापन देने के बाद भी अवैध अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं होने पर मजबूर होकर आपके पास आए है। महिलाओं का आरोप है ग्राम में उषा बाई द्वारा लगातार अवैध शराब बेची जा रही है जिससे गांव के लोग परेशान हैं पिछले तीन चार साल से अवैध शराब की बिक्री हो रही है लेकिन अब तक इसे बंद नहीं किया गया है। जबकि जहां अवैध शराब की बे रोकटोक बिक्री हो रही है वहां पास में ही स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र है जो महिला अवैध शराब की बिक्री करती है। वह छोटे-छोटे बच्चों को शराब की लत में झोंक रही बच्चों को उधार शराब दे देती है। उनका भविष्य खराब कर रही है गांव में दिन भर जो मजदूरी करते हैं। शाम को मजदूरी में मिलने वाले रुपयों की शराब पी लेते है यह सब गांव आसानी से मिल रही शराब के कारण हो रहा है जिससे महिलाएं पीड़ित और परेशान है। एडिशनल एसपी सुजीत भदोरिया ने महिलाओं की परेशानी को सुना और समझा और तुरंत फोन लगाकर कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी जबेरा को निर्देशित किया है और महिलाओं को पूर्ण आश्वासन दिया है। अब उनके गांव अवैध शराब नहीं बेची जाएगी भरोसा रखें आप घर जाएं पुलिस कार्रवाई करेगी।